राष्ट्रीय हिंदी पाक्षिक समाचार पत्र

सच्ची व स्टीक खबर, आप तक

# गजब हरियाणा

संपादक : जरनैल सिंह   सह संपादिका : सृष्टि देवी   छायाकार : राजरानी   PKL NO.: 0184/2024-26

WWW.GAJABHARYANA.COM   16 अक्तूबर 2025, वर्ष : 08, पृष्ठ : 04, अंक : 14, मूल्य : 7 रुपए, वार्षिक मूल्य : 150 रुपए   Email: gajabharyananews@gmail.com

**ज्ञान विचार**

जमाने में वही लोग हम पर उंगली उठाते हैं जिनकी हमें छूने की औकात नहीं होती...

# अब भारत ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा: मनोहर लाल

**गजब हरियाणा न्यूज/डॉ. जरनैल रंगा**



**चंडीगढ़।** भारत ने विद्युत उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत हिस्सा स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों के लक्ष्य को हासिल कर लिया गया है। अब भारत ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का वैश्विक केंद्र बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। साथ ही, भारत ने वर्ष 2047 तक 100 गीगावॉट परमाणु ऊर्जा क्षमता हासिल करने का भी लक्ष्य तय किया है। वैश्विक मंच पर भारत की ऊर्जा क्रांति और हरित विकास मॉडल को केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने दक्षिणी अफ्रीका में आयोजित जी-20 ऊर्जा परिवर्तन मंत्री स्तरीय बैठक में प्रस्तुत किया। भारत की ओर से केंद्रीय ऊर्जा, आवासन एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल ने दक्षिणी अफ्रीका के क्वाजुलु नटाल प्रांत के डर्बन शहर में आयोजित जी-20 ऊर्जा परिवर्तन मंत्री स्तरीय बैठक में देश की स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास में अग्रणी भूमिका को प्रस्तुत करते हुए कहा कि ऊर्जा सुरक्षा आज विश्व के समक्ष सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों के लिए है। उन्होंने कहा कि आर्थिक स्थिरता, सतत विकास और ऊर्जा तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए जी-20 देशों को आपसी सहयोग और जिम्मेदारी की भावना से कार्य करना होगा। मनोहर लाल ने आगामी भारत ऊर्जा मंथन - ए ग्लोबल एनर्जी कॉन्क्लेव, जो मार्च 2026 में नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा, में भागीदारी के लिए आमंत्रित किया। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने भारत के बायोफ्यूल कार्यक्रम की सफलता बारे अवगत कराते हुए स्पष्ट किया कि देश ने 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। भारत आज ग्लोबल बायोफ्यूल्स एलायंस का नेतृत्व कर रहा है, जिसमें 32 देश और 14 अंतरराष्ट्रीय संगठन शामिल हैं। यह वैश्विक सहयोग हरित ऊर्जा के भविष्य को नई दिशा देगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारत ने अपना कार्बन क्रेडिट बाजार तैयार किया है, जिसमें वैश्विक निवेश और सहभागिता के लिए आमंत्रण दिया गया है। इस पहल का उद्देश्य उत्सर्जन में कमी लाना और सतत विकास को प्रोत्साहित करना है। मनोहर लाल ने कहा कि जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक दुष्प्रभाव विकासशील देशों पर पड़ता है, इसलिए आवश्यक है कि जलवायु सुरक्षासुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पेरिस समझौते के तहत जलवायु वित्त और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने की आवश्यकता दोहराई।

केंद्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आरंभ मिशन लाइफ की भी चर्चा की, जो व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली को बढ़ावा देने का वैश्विक अभियान है। अफ्रीकी देशों की ऊर्जा आवश्यकताओं पर ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने अफ्रीका मिशन-300 के प्रति भारत के समर्थन की घोषणा की जिसका लक्ष्य वर्ष 2030 तक 30 करोड़ अफ्रीकी नागरिकों को बिजली की सुविधा उपलब्ध कराना है।

**दैनिक गजब हरियाणा समाचार पत्र**
में कम दामों में विज्ञापन देकर अपने व्यापार को बढ़ाएं और ज्यादा आमदनी पाएं।
गजब हरियाणा को पूरे हरियाणा में जिला, उपमंडल, ब्लॉक स्तर पर इच्छुक पत्रकारों की आवश्यकता है।
संपर्क करें : 90382-03233
खबरें और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें:- मो. : 7015193242,

सभी देशवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
**सुरेंद्र सिंगला**
पूर्व चेयरमैन
नगर पालिका घरौंडा,
करनाल, 9813011748

दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
**सचिन गुप्ता**
अधिवक्ता
प्रधान, अग्रवाल सभा सेक्टर-5 कुरुक्षेत्र

**JAI MAA PROPERTY**
की ओर से दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
यहां पर जमीन जायदाद, मकान, दुकान, प्लॉट आदि खरीदने व बेचने के लिए संपर्क करें
**तरसेम कुमार**
मो. 9728480241
पता : बिहोली-बजीदपुर मोड
लाडवा रोड पिपली, कुरुक्षेत्र

दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
**रमेश चंद गौतम**
समाजसेवी एवं प्रधानाचार्य(से.नि.)
कुरुक्षेत्र

दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
**मुकुल खदरी**
प्रदेश कार्यकारणी सदस्य,
युवा मोर्चा भाजपा,
गांव खदरी (यमुनानगर)

दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
**अमित वालिया**
पूर्व चेयरमैन,
नगर पालिका नारायणगढ़ ( जिला अम्बाला)

दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
**अमित बंसल**
पत्रकार, घरौंडा (करनाल)
9991893007

**चमन स्वीट्स,**
दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
हमारे यहां शुद्ध एवं स्वादिष्ट मिठाइयां मिलती हैं। एक बार सेवा का मौका दें।
चमन स्वीट्स, नजदीक चौक करनाल रोड, पिपली। 9996316253

दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं
**विभोर पाहुजा**
पार्षद, वार्ड न. 8, यमुनानगर।

गजब हरियाणा परिवार की ओर से दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

आपका अपना पसंदीदा
राष्ट्रीय हिन्दी पाक्षिक समाचार पत्र
गजब हरियाणा NEWS
www.gajabharyana.com
**गजब हरियाणा**
**अब दैनिक गजब हरियाणा**
जैसे पिछले 7 वर्षों से आपने गजब हरियाणा पाक्षिक समाचार पत्र को अपना प्यार दिया, वैसे ही दैनिक गजब हरियाणा समाचार पत्र के लिए सम्मान की आशा करते हैं।
**अपना हरियाणा-गजब हरियाणा**
1 नवंबर 2025 से दैनिक रूप में आपके दरवाजे पर दस्तक देने को तैयार, चाय की चुस्की के साथ लें, तरोताजा खबरों का आनन्द

कुरुक्षेत्र में खुल चुका है **धर्मक्षेत्र द जिम**
जिसमें है आधुनिकतम सुविधाएं




एक बार जरूर आएं   केडीबी रोड स्थित नजदीक ब्रह्मा चौक के पास, कुरुक्षेत्र।

## अमृतबाणी

### शिरोमणि सतगुरु रविदास जिओ की

**कह रैदास तेरी भगति दूरि है, भाग बड़े सो पावै तजि अभिमान मेटि आपा पर, पिपिलक हवै चुनि खावै।।**

जय गुरुदेव जी


व्याख्या : शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज जी इस बाणी में फरमाते हैं कि भाग्यशाली लोगों को ही ईश्वर की भक्ति प्राप्त होती है इसलिए अंहकार को छोड़ने से ही आपको सफलता मिल सकती है। जैसे, हाथी अपने विशालकाय होने का कितना ही अभिमान कर ले, लेकिन वो चीनी के छोटे दानों को उठा नहीं सकता, जबकि छोटी-सी चींटी उन चीनी के दानों को आसानी से उठा लेती है।

धन गुरुदेव जी

## भ्रांति

**तुम कहते हो, 'भारत धर्मप्राण देश है'। इस भ्रांति को छोड़ो! कोई देश धर्मप्राण नहीं है। न कभी था, न कभी होगा। हो ही नहीं सकता। व्यक्ति धर्मप्राण होते हैं। और उसी के कारण हमको भ्रांति हो जाती है। हम व्यक्तियों की आभा में सोचने लगते हैं कि हमारी आभा है।**

### सूफियों की एक कहानी है



एक सूफी फकीर रात के अंधेरे में लालटेन लिए चल रहा है। रास्ते पर किसी और आदमी से उसका मिलना हो गया, दोनों एक ही तरफ जा रहे हैं तो दोनों साथ हो लिए। जो आदमी साथ चलने लगा, वह यह भूल गया कि मेरे साथ में लालटेन नहीं है। क्योंकि जिसके हाथ में लालटेन थी, उसकी रोशनी दोनों को काम दे रही थी। दो मील तक दोनों साथ चले, फिर वह जगह आ गयी जहां उनको अलग-अलग हो जाना था; चौराहा आ गया, जहां सूफी फकीर को एक रास्ते पर जाना था और दूसरे को दूसरे रास्ते पर। जैसे ही रास्ते मुड़े वैसे ही उस आदमी को पता चला कि अरे, एकदम अंधकार हो गया! तब उसे याद आयी कि मेरे हाथ में तो लालटेन है ही नहीं। वह तो लालटेन दूसरे की थी। उसकी उधार ज्योति को मैं अपनी समझता रहा। यह दो मील तक तो मैं भूल ही गया था कि अमावस की रात है।

यह उधार ज्योति से भ्रांति में मत पड़ो! हां, बुद्ध धार्मिक थे, महावीर धार्मिक थे, कृष्ण धार्मिक थे, कबीर धार्मिक थे, नानक धार्मिक थे, मीरा धार्मिक थी, सहजो धार्मिक थी--कुछ धार्मिक लोग हुए इस देश में! ऐसे धार्मिक लोग हर देश में हुए। यह अहंकार भी मत पालो कि तुम्हारे ही देश में हुए। ऐसा कोई देश नहीं है जहां कुछ धार्मिक लोग नहीं हुए। बस, उनकी गिनती लेकिन अंगुलियों पर की जा सकती है। लेकिन कठिनाई क्या है कि तुम्हें अपने देश में हुए धार्मिक व्यक्तियों के नाम तो पता होते हैं और दूसरे देशों में पैदा हुए धार्मिक व्यक्तियों के नाम पता नहीं होते। जैसे चीन में तुम किसी से पूछो दादू के संबंध में, रैदास के संबंध में, गोरा कुम्हार के संबंध में, किसी को कुछ पता नहीं होगा। वे कहेंगे, किनकी बातें कर रहे हो! या तुमसे कोई पूछे, लीहत्जू, कोसुआन, तो तुम भी चौंकोगे कि यह कौन की बातें कर रहे हैं आप! तुमसे कोई पूछे, रिंझाई, बोकोजू, तो तुम कहोगे--किसकी बातें कर रहे हैं आप? ये जापानी नाम तुम्हें पहचाने हुए नहीं हैं। ये चीनी नाम तुम्हारे पहचाने हुए नहीं हैं। मगर यही हालत चीन में हैं। चीन को अपने नाम पता हैं, तुमको अपने नाम पता हैं, जापानियों को अपने नाम पता हैं। दुनिया में ऐसा कोई देश नहीं हुआ जहां कुछ धार्मिक लोग न हुए हों। और दुनिया में कोई ऐसा देश नहीं है जिसको यह भ्रांति न हो कि हम श्रेष्ठ हैं। फिर वह भ्रांति किसी ढंग से भी पाली जाए। सभी यह सोचते हैं कि हमसे ज्यादा पवित्र और कोई भी नहीं; हमसे ज्यादा महान और कोई भी नहीं।

यह सिर्फ भारतीय अहंकार है कि भारत धर्मप्राण देश है। ऐसा कुछ भी नहीं है। कभी कोई एकाध, आदमी धार्मिक होता है, उसके कारण तुम अपने को धार्मिक मत समझ लो। क्योंकि तुमने अगर ऐसे अपने को धार्मिक समझ लिया तो फिर तुम कभी धार्मिक हो न पाओगे।

**ओशो**

**दीपक बार नाम का**

# गांवों में शामलात भूमि को पट्टे पर देने को दिव्यांगों को मिलेगा आरक्षण

### गौ अभ्यारण के लिए बीस वर्ष तक पट्टे पर दे सकेंगे पंचायती जमीन

**गजब हरियाणा न्यूज/सुदेश**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में रविवार को हुई हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में ग्राम शामलात भूमि नियम, 1964 में संशोधन को मंजूरी दी गई। नियम 6 (2) में संशोधन के अनुसार, यह प्रावधान किया गया है कि खेती के लिए पट्टे पर दी जाने वाली प्रस्तावित भूमि में से 4 प्रतिशत भूमि बेंचमार्क विकलांगता (60 प्रतिशत या इससे अधिक) वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षित की जाएगी।

इसके अलावा ग्राम शामलात भूमि नियम, 1964 के नियम 6 (2ए) में भी संशोधन किया गया है। इसके अनुसार गौ अभ्यारण्य स्थापित करने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग या हरियाणा गौ सेवा आयोग को 20 वर्ष की अवधि के लिए 5100 रुपये प्रति एकड़ प्रति वर्ष की दर से कुछ नियमों और शर्तों पर भूमि पट्टे पर देने का प्रावधान किया गया है।

बैठक में यह भी मंजूरी दी गई कि ग्राम पंचायत अपने स्तर पर 250 एकड़ तक की भूमि की भूमि उपयोग योजना तैयार कर सकेगी। इससे पहले यह सीमा 100 एकड़ तक थी। यदि पंचायत समिति और जिला परिषद द्वारा प्लान को तय समयावधि में अनुमति नहीं दी जाती या असहमति होने पर ग्राम पंचायत उपयुक्त निर्णय के लिए राज्य सरकार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर सकती है।

### सरकारी योजना के पात्रों की मंजूरी को ग्राम सभा में 40 फीसदी सदस्यों का होना जरूरी

मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा पंचायती राज (संशोधन) अध्यादेश, 2025 को स्वीकृति प्रदान की गई। हरियाणा पंचायती राज अधिनियम में अध्यादेश जारी करके किए गए संशोधन के अनुसार, किसी भी सरकारी योजना के पात्र लाभार्थियों पर विचार और उन्हें मंजूरी देने के लिए आयोजित ग्राम सभा की बैठक का कोरम ग्राम सभा के सदस्यों का 40 प्रतिशत होगा। पहली और दूसरी स्थगित बैठकों में कोरम क्रमशः ग्राम सभा के सदस्यों का 30 प्रतिशत और 20 प्रतिशत से होगा। इस निर्णय से न केवल पंचायती राज व्यवस्था में पारदर्शिता आएगी बल्कि उनकी कार्यप्रणाली में भी सुधार आएगा।

### हरियाणा सरकार ने महिलाओं के हित में फैक्ट्री नियम बदले

हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में पंजाब फैक्ट्री नियम, 1952 में संशोधन के ड्राफ्ट प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की गई है। यह संशोधन कारखानों में कुछ प्रक्रियाओं में महिलाओं को कार्य करने की अनुमति देने से संबंधित है।

प्रस्तावित संशोधन के तहत नियमों के अंतर्गत देय शुल्क को अब ऑनलाइन माध्यम से जमा कराने की सुविधा प्रदान की जाएगी। यह संशोधन निर्धारित सुरक्षा शर्तों के अधीन सभी श्रेणियों के कार्यों में महिलाओं के रोजगार की अनुमति देता है। इस संशोधन से लैंगिक असमानता समाप्त



होगी, महिलाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, और इंजीनियरिंग, केमिकल्स तथा विनिर्माण जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहन मिलेगा, जहां पहले महिलाओं की भागीदारी सीमित थी। यह निर्णय हरियाणा सरकार की आधुनिक श्रम सुधार, महिला सशक्तिकरण तथा समान अवसर के सिद्धांतों (भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16) के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। संशोधन यह भी सुनिश्चित करता है कि गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं खतरनाक श्रेणी के कार्यों से बाहर रहें, जिससे उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा की पूर्ण सुरक्षा बनी रहे।

### पांच साल में दो बार दोषी ठहराने पर माना जाएगा आदतन अपराधी

हरियाणा में अब पांच साल के भीतर एक से अधिक बार दोषी ठहराए गए व्यक्ति को आदतन अपराधी माना जाएगा। रविवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा कारागार नियम, 2022 में 'आदतन अपराधी' की परिभाषा को शामिल करने के लिए संशोधन को मंजूरी दी गई। संशोधित नियमों को हरियाणा कारागार (संशोधन) नियम, 2025 कहा जाएगा। संशोधित नियमों के तहत, हरियाणा कारागार नियम, 2022 के नियम 2, उप-नियम (1), खंड (11) में आदतन अपराधी की परिभाषा को निम्नानुसार संशोधित किया गया है। 'आदतन अपराधी से तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जिसे पांच वर्ष की किसी भी लगातार अवधि के दौरान, विभिन्न अवसरों पर किए गए किसी एक या अधिक अपराधों के लिए दो बार से अधिक अवसरों पर दोष सिद्ध ठहराया गया है और कारावास की सजा सुनाई गई हो और उसी कार्यवाही का भाग नहीं हो, ऐसा दण्डादेश को अपील या पुनरीक्षण में उलट नहीं किया गया हो।

बशर्ते कि ऊपर उल्लिखित पांच वर्ष की निरंतर अवधि की गणना करते समय, कारावास की सजा के तहत या डिटेंशन के तहत जेल में बिताई गई किसी भी अवधि को हिसाब में नहीं लिया जाएगा।

### धान की फसल का खरीद एजेंसियों द्वारा 955.69 करोड़ राशि का किया जा चुका है भुगतान : विश्राम कुमार मीणा

**गजब हरियाणा न्यूज/डॉ. जरनैल रंगा**

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र के खरीद केन्द्रों व मंडियों में धान की खरीद का कार्य खाद्य आपूर्ति एवं हैफेड एजेंसी द्वारा शुरू कर दिया गया है। इन दोनों एजेंसियों द्वारा 11 अक्टूबर तक एजेंसियों द्वारा 955.69 करोड़ राशि का धान की फसल का भुगतान किया जा चुका है, जिसमें खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 770.67 करोड़ राशि व हैफेड द्वारा 185.02 करोड़ राशि का भुगतान किया जा चुका है। अहम पहलू यह है कि दोनों एजेंसियों द्वारा 543806 मीट्रिक टन धान की खरीद का कार्य पूरा कर लिया है। जिसमें खाद्य आपूर्ति विभाग ने 441717 और हैफेड ने खरीदी 102089 एमटी धान का खरीद कार्य किया है। इस सीजन में धान का 2389 रुपए प्रति क्विंटल न्यूनतम समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि खाद्य आपूति विभाग की रिपोर्ट के अनुसार धान के इस सीजन में 11 अक्टूबर तक एजेंसियों द्वारा 955.69 करोड़ राशि का धान की फसल का भुगतान किया जा चुका है, जिसमें खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 770.67 करोड़ राशि व हैफेड द्वारा 185.02 करोड़ राशि का भुगतान किया जा चुका है। इतना ही नहीं खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 80 प्रतिशत व हैफेड द्वारा 77 प्रतिशत धान का उठान कार्य पूरा किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में धान की खरीद करने के लिए 22 खरीद केन्द्र व मंडिया स्थापित की गई है। इन मंडियों से खाद्य आपूर्ति, हैफेड, एफसीआई और हरियाणा वेयर हाउस कार्पोरेशन की तरफ धान की खरीद का कार्य किया जा रहा है।

### पिंजौर बिटना कॉलोनी में शरद पूर्णिमा पर विशाल संत समागम

## ब्रह्म सत्य और जगत मिथ्या : स्वामी ज्ञाननाथ जी





**गजब हरियाणा न्यूज/राहुल**

**पंचकूला/अम्बाला।** पिंजौर बिटना कॉलोनी स्थित संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महासभा के तत्वावधान में शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंदिर के प्रांगण में विशाल संत समागम और अटूट भंडारे का भव्य आयोजन किया गया।

इस आध्यात्मिक समारोह में अम्बाला शहर (बलदेवनगर नगर) नारायणगढ रोड, गांव खतौली मोड़ स्थित निराकारी जागृति मिशन आश्रम के गद्दीनशीन चेयरमैन, संत सुरक्षा मिशन भारत के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और संत संवारनाथ चैरिटेबल ट्रस्ट के चेयरमैन संत शिरोमणी, दिव्य ज्ञान रत्न, श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर एडवोकेट स्वामी ज्ञान नाथ जी महाराज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मंदिर के महंत संत सुख दर्शन, सभा के चेयरमैन माननीय रमेश खड़खड़ी वाल, प्रधान हरपाल सिंह, महासचिव जय सिंह, कैशियर धर्मपाल, रामशरण कैंटीवाल, जय भगवान पातलान सहित अन्य गणमान्य महापुरुषों ने महामंडलेश्वर स्वामी ज्ञान नाथ जी महाराज का फूल-मालाओं और सिरोपा भेंटकर गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। सभा के पदाधिकारियों और आजीवन सदस्यों के साथ स्वामी जी ने सर्वप्रथम अमृतवाणी पढ़कर ध्वजारोहण किया, उपरांत रिबन काटकर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। सभा के प्रधान माननीय हरपाल सिंह ने इस अवसर पर सभा की गतिविधियों और विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला और उपस्थित सभी श्रद्धालुओं का हृदय से धन्यवाद किया। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर एडवोकेट स्वामी ज्ञान नाथ जी ने मंच से आत्म ज्ञान अमृत की वर्षा करते हुए परमश्रद्धेय संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज की पावन अमृतवाणी के शब्द पर विस्तार से प्रकाश डाला।



उन्होंने संदेश दिया ÷एक को जानो, एक को मानो, एक हो जाओ। स्वामी जी ने स्पष्ट किया कि अखिल ब्रह्मांड में जड़ और चेतन इसी ब्रह्म का पसारा है। उन्होंने कहा कि ÷ब्रह्म सत्य और जगत मिथ्या है÷। उन्होंने ब्रह्मज्ञान को सर्वश्रेष्ठ पराविद्या और परा सिद्धि बताते हुए कहा कि यह एक ऐसी चाबी है जिससे अध्यात्म के सभी ताले खुल जाते हैं और गूढ़ रहस्य को सहज में समझा जा सकता है। स्वामी जी ने कहा कि ब्रह्म तीनों काल में ज्यों-का-त्यों रहता है। उन्होंने संत रविदास जी की वाणी - 'एको ब्रह्म है सकल माहि और सकल ब्रह्म माही, रविदास ब्रह्म सब भेष माही बिना ब्रह्म कुछ नहीं'- का गूढ़ अर्थ समझाते हुए बताया कि सारी सृष्टि का कर्ता धर्ता अखिल ब्रह्मांड के कण-कण में विद्यमान है और रोम-रोम में रमा हुआ है। उन्होंने सभी को समझाया कि साकार में निराकार, रचना में रचयिता, और दृश्यों में द्रष्टा ओत-प्रोत है। महामंडलेश्वर स्वामी जी ने परमश्रद्धेय महर्षि वाल्मीकि जी महाराज और संत शिरोमणी गुरु रविदास जी महाराज की परम शिष्या मीरा बाई के प्रकट दिवस की सभी श्रद्धालुओं को लख-लख बधाई देते हुए शुभ आशीष दी और सभी के उज्जवल भविष्य तथा मंगलमय जीवन की कामना की।

### राजकीय स्कूलों के छात्रों की हाजिरी 30 तक वन स्कूल पोर्टल पर करनी होगी अपडेट

**गजब हरियाणा न्यूज/डॉ. जरनैल रंगा**

**चंडीगढ़।** विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से राज्य के सभी राजकीय स्कूलों में वन स्कूल एप पर छात्रों का डाटा अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं। सेकेंडरी शिक्षा निदेशक की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और बीपीएल श्रेणी के पात्र विद्यार्थियों से संबंधित छात्रवृत्ति डेटा को 30 अक्टूबर तक अपडेट किया जाए। निदेशालय की ओर से स्पष्ट किया गया है कि वन स्कूल एप पर छात्रों का डाटा अपडेट होने के बाद ही छात्रों को छात्रवृत्ति मिल पाएगी। दरअसल, शिक्षा विभाग की ओर से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग और बीपीएल श्रेणी के पात्र विद्यार्थियों को तिमाही छात्रवृत्ति दी जाती है, विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति उनकी विद्यालय उपस्थिति या अनुपस्थिति के आधार पर दी जाती है, जिनका डाटा विद्यालय स्तर पर वन स्कूल एप पोर्टल पर अपडेट किया जाता है। सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अपने अधीनस्थ विद्यालय प्रमुखों को हिदायत दें कि 13 से 30 अक्टूबर की समयावधि के भीतर पात्र छात्रों की उपस्थिति व छात्रवृत्ति डाटा पोर्टल पर अपलोड करें। निदेशालय द्वारा स्पष्ट किया गया है कि 30 अक्टूबर के बार वन स्कूल एप पोर्टल पर छात्रों का डाटा अपडेट नहीं होगा।

### शहर को स्वच्छ रखना सभी की नैतिक जिम्मेदारी : अमन कुमार

**गजब हरियाणा न्यूज/डॉ. जरनैल रंगा**

**कुरुक्षेत्र।** जिला नगर आयुक्त अमन कुमार ने नगर परिषद द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शहर के सभी रोड जिसमें पिपली से लेकर थर्ड गेट, 100 फुटा रोड, झांसा रोड, मलिक मेडिकल हॉल वाली सडक़ व रेलवे रोड के अलावा अन्य सभी जगह पर सफाई मित्र अपने सफाई उपकरणों के साथ सफाई के कार्य में लगे हुए हैं। डीएमसी अमन कुमार ने कहा कि इस कार्य में जेसीबी, लोडर के साथ 3 ट्रैक्टर ट्राली के अलावा लगभग 60 सफाई कर्मचारियों ने केशव पार्क को साफ करने के लिए विशेष अभियान चलाया और यहां से पॉलिथिन प्लास्टिक कचरे को साफ करके लिफ्ट करवाया है। उन्होंने कहा कि हम सभी का यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि अपने आसपास सफाई के लिए विशेष ध्यान दें और शहर को स्वच्छ बनाएं। कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने कहा कि सफाई का कार्य एक महत्वपूर्ण कार्य है इसलिए आम लोगों को भी इसमें जन भागीदारी करते हुए अपने एरिया को स्वच्छ रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि कई सामाजिक संस्थाएं और सेक्टरों की वेलफेयर एसोसिएशन के अलावा अन्य भी कई सामाजिक संगठन सफाई के कार्य में लगातार नगर परिषद के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सफाई कार्य को कर रहे है। जिससे हमारा शहर काफी साफ स्वच्छ सुंदर दिखाई देने लग गया है और आने वाले समय में परिणाम और भी बेहतर होंगे। उन्होंने कहा कि जो सफाई कर्मचारी अच्छा कार्य कर रहे हैं उन्हें विशेष कार्य दिवस पर सम्मानित भी करवाया जाता है। इसके अलावा उन्हें सरकार की तरफ से जो भी योजनाएं उनके लिए चलाई जा रही है उनका भी समय-समय पर लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर फील्ड सुपरवाइजर अनूप सिंह, राजेश, आईसी एक्सपर्ट वीरेंद्र कुमार सफाई दरोगा बनारसी किशोरी विकास सुनील संजय राकेश के अलावा सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र में गुरु रविदास महाराज की अमृतवाणी पर भव्य सत्संग

### हमें महऋषि बाल्मीकि जी से प्रेरणा लेनी चाहिए : स्वामी गुरदीप गिरी जी





**गजब हरियाणा न्यूज/डॉ. जरनैल रंगा**

**कुरुक्षेत्र।** 8 अक्टूबर दिन बुधवार को कुरुक्षेत्र स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला में एक भव्य सत्संग का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में डेरा स्वामी जगतगिरि आश्रम पठानकोट, पंजाब के गद्दीनशीन स्वामी गुरदीप गिरी महाराज जी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। आयोजक समिति ने स्वामी जी का फूल-मालाओं और बुक्के देकर स्वागत किया। अपने प्रवचन में स्वामी गुरदीप गिरी जी ने शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज जी की अमृतवाणी के पवित्र शब्द : 'खट कर्म कुल संजुगत है हरि भगति हिरदै नाहि।। चरनारबिंद न कथा भावे सुपच तुल समानि।।' की गहन व्याख्या की। स्वामी जी ने इस शब्द के माध्यम से प्रभु का नाम सिमरन (स्मरण) करने की महत्ता पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि हे मूर्ख मन, तू प्रभु का सिमरन कर।

उन्होंने भगवान बाल्मीकि जी के जीवन का उदाहरण देते हुए कहा कि वह किस जाति में पैदा हुए, फिर भी अपनी भक्ति से अमर हो गए। उन्होंने भगवान राम के जन्म से पहले ही रामायण में सब कुछ लिख दिया और प्रभु राम को वही सब करना पड़ा। स्वामी जी ने प्रेरित करते हुए महर्षि बाल्मीकि जी की जयंती की शुभकामनाएं दी उन्होंने कहा कि हमें महऋषि बाल्मीकि जी से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने प्रभु भक्ति से तीनों लोकों में सम्मान प्राप्त किया। उन्होंने सतगुरु जी के वचनों को स्पष्ट करते हुए कहा कि भले ही कोई जीव ऊंची कुल से संबंधित हो, षट्कर्म करने वाला हो, पर उसके हृदय में परमात्मा की भक्ति न हो और उसे प्रभु के चरण-कमलों की कथा न सुहाती हो, तो उसे चंडाल तुल्य मानना चाहिए।

स्वामी गुरदीप गिरी जी ने सतगुरु जी के शब्द की अंतिम पंक्तियों को उद्धृत किया: 'अज़ामल पिंगला लुभत कुंचर गए हरि के पास ऐसे दुरमति निस्तरे तू क्यों न तरे रविदास।' उन्होंने अजामल, पिंगला, लुभतु, और कुंचर के इतिहास का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को बताया कि जब ऐसी कुबुद्धि (बुरी बुद्धि) वाले जीवों का निस्तारा (मुक्ति) हो गया, तो फिर प्रभु की भक्ति और प्रेम द्वारा तू क्यों नहीं तरेगा? उन्होंने कहा कि प्रभु भक्ति से हर कोई मुक्ति प्राप्त कर सकता है। स्वामी जी ने जोर देकर कहा कि शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज जी ने प्रभु प्रेम की प्रेरणा देते हुए परमात्मा की भक्ति करने वाले को ही श्रेष्ठ कहा है। उन्होंने ऊंची जाति वालों को भी कहा कि अगर उनके दिल में प्रेम-भक्ति नहीं है, तो वे भले ही श्रेष्ठ कर्म कर लें, परन्तु वे नीच ही रहेंगे। स्वामी जी ने आधुनिक उदाहरण देते हुए कहा कि हम सब जैसे मोबाईल चार्ज करते हैं, लैपटॉप चार्ज करते है; आज हम सबने सुबह सबसे पहले सतनाम शब्द के साथ जुड़ कर अपने आप को चार्ज करना होगा।उन्होंने सतगुरु जी के इस अनमोल वचन को दोहराया: रविदास जन्म के करने होत न कोऊ नीच नर को नीच कर डारी है ओछे कर्म की कीच। स्वामी जी ने उपस्थित जनसमूह को संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया कि कोई भी इंसान किसी जाति में जन्म लेने से नीच नहीं होता, नीच वो होता है जो नीचे कर्म करता है। उन्होंने कहा कि आज हमने गुरु के चरणों में यह प्रण ले करके जाना है कि हम कोई ऐसा अवगुण नहीं करेंगे जिससे हम नीच बनें। इस अवसर पर संत जैनदास हितकारी जी, संत गुरपाल दास जी, कार्तिक दास रविदासिया कर्तनी जत्था अम्बाला, और बहन रीटा सोलखे ने भी अपने विचारों और भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल किया। आयोजक समिति द्वारा स्वामी गुरदीप गिरी महाराज जी, संत जैनदास हितकारी, संत गुरपाल दास जी, और पाठी विक्रम जी को शॉल के साथ सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त, विभिन्न गुरु रविदास जी और बाबा साहेब की संस्थाओं के पदाधिकारियों और सेवादारों को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर नौरंग राम, डॉ. जरनैल रंगा, राजिंद्र कुमार, दलबीर सिंह, रोशन लाल, रामकुमार राहुल, सुरेंद्र, विनोद, महीपाल, कृष्ण कुमार, राजपाल, रामतीर्थ रंगा, सुभाष कटारिया, मदन कटारिया, वीरेंद्र रॉय, जोगिंद्र सिंह, वीरेंद्र रविदासिया, मान सिंह, धर्म सिंह, रीटा सोलखे, राजेश भोरिया, कुलदीप, अमित, शेर सिंह अम्बाला, फकीर चंद अम्बाला, सुरेंद्र अम्बाला, फूल सिंह फुलेल माजरा, भूरा व सुदर्शन सढ़ूरा, डॉ. रामसरन आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


### नशामुक्त जागरूकता अभियान के तहत पुलिस टीम ने ग्रामीणों को किया जागरूक



**गजब हरियाणा न्यूज/डॉ. जरनैल रंगा**

**कुरुक्षेत्र।** पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल मार्ग-दर्शन में जिला को नशामुक्त बनाने को लेकर पुलिस टीम के लगातार कार्य कर रही है। पुलिस की नशामुक्त टीम गांव दर गांव नशामुक्ति का सन्देश पहुंचा रही है। शनिवार को जिला पुलिस के ग्राम प्रहरी नोडल ऑफिसर उप निरीक्षक राजेश कुमार की टीम नशामुक्ति का सन्देश लेकर थाना केयूके एरिया के गांव झिजारपुर व पिडारसी पहुंची तथा ग्रामीणों को जागरूक किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ग्राम प्रहरी नोडल ऑफिसर उप निरीक्षक राजेश कुमार ने थाना केयूके एरिया के गांव झिजारपुर व पिडारसी आदि गांवों में आमजन को नशा न करने के प्रति जागरूक किया। आमजन से बात करते हुए ने उप निरीक्षक ने कहा कि पुलिस और आमजन अगर तालमेल के साथ कार्य करे तो नशे जैसी बुराई पर नियत्रंण पाया जा सकता है। उन्होंने बैठक में मौजूद व्यक्तियों को कहा कि यदि आपके गांव में कोई व्यक्ति नशा करता है या नशा बेचता है तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस थाना में दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। उप निरीक्षक ने आमजन को नशा ना करने की शपथ दिलवाई और नौजवानों और बच्चों से अपील करते हुए कहा कि वो नशे से दूर रहकर पढाई और खेलों में अपने परिवार, प्रदेश और देश का नाम रोशन करें। पुलिस टीम ने गांवों में भी आमजन के साथ बैठक कर नशामुक्त गांव बनाने को लेकर ग्रामीणों से अपील की।

## यमुनानगर में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई, जेसीबी मशीन समेत ट्रक जब्त; राजस्व वसूली की तैयारी



**गजब हरियाणा न्यूज/दीक्षित**

**जगाधरी।** उपायुक्त पार्थ गुप्ता के मार्गदर्शन में खनन विभाग और हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो ने गांव डेकरीवाला में अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। सहायक खनन अभियंता डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद 9 अक्टूबर 2025 की रात को छापेमारी की गई। मौके से एक जेसीबी मशीन और अवैध खनिज से भरे ट्रकों को जब्त किया गया। जब्त वाहनों को पुलिस थाने में बंद कर दिया गया है। विभाग अब अवैध खनन की पैमाइश कर, खनिज की रॉयल्टी और राजस्व हानि की पैनाल्टी वसूलने की तैयारी कर रहा है। यह कार्रवाई बेलगढ़ क्रेशर जोन में अवैध बिक्री की शिकायतों के बाद की गई।

# गीता स्थली से विश्व में फैला देश के तीन नए कानून का उजियारा: पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल

**गजब हरियाणा न्यूज/ब्यूरो**

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा पुलिस की ओर से पवित्र ब्रह्म सरोवर के मेला मैदान में लगाई गई 9 दिवसीय प्रदर्शनी विश्व भर में नए कानूनों का उजियारा फैला गई है। इस प्रदर्शनी को देखने के लिए हर दिन कानूनी विशेषज्ञों के साथ-साथ प्रदेश भर से पुलिस के जांच अधिकारी, आमजन और देश की भविष्य निर्माता नई पीढ़ी भी हजारों की संख्या में पहुंची। प्रदर्शनी में तीन नए कानून के क्रिया लोन और पूरी कार्य विधि को नाटक मंचन से बहुत ही शानदार तरीके से समझाया गया। दिन भर चलाई जाने वाले पांच-पांच लाइव शो के माध्यम से लोगों को कानून की पूरी प्रक्रिया को समझाया और दिखाया गया। यह नाटक रूपांतरण भी किसी कलाकार की ओर से नहीं पुलिस और संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की ओर से ही प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में तीन नए कानून को लेकर बारीकी से जानकारी दी गई।

प्रदर्शनी में आने वाला हर कोई आश्वस्त दिखा और सभी ने इस प्रदर्शनी को लेकर पुलिस के इस प्रयास की सराहना भी की। प्रदर्शनी में पहुंचे हजारों लोगों ने न केवल प्रदर्शनी को देखा बल्कि इन यादगार लम्हों को अपने



मोबाइल में भी कैद कर अपने साथ ले गए इन्हीं मोबाइल में बनाई वीडियो विदेश तक भी पहुंची और इंटरनेट मीडिया पर भी इससे संबधित वीडियो बोलबाला रहा।

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने कहा कि कुरुक्षेत्र में तीन नए आपराधिक कानूनों की राज्य स्तरीय प्रदर्शनी के 30 मिनट के शो में कन्ट्रोल रूम में सूचना मिलने से लेकर अदालत की प्रक्रिया के अहम लम्हों को हूबहू दिखाने का अनोखा प्रयास किया गया है। इस अनोखे प्रयास को देखने के लिए हरियाणा के कोने-कोने से हर वर्ग और हर क्षेत्र के लोग पहुंचे।

उन्होंने कहा कि धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 3 अक्टूबर को कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मेला ग्राउंड में गृह विभाग की तरफ से 3 नए आपराधिक कानूनों के लागू होने के बाद आए परिवर्तनों को लेकर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उदघाटन किया था। इस पावन धरा पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रयासों से ही देश विदेश से आने वाले नागरिकों को नए कानूनों के बाद आए परिवर्तनों को दिखाने के लिए राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि नए कानूनों में बदलाव को लोगों तक पहुँचाने और समझाने में हम कामयाब हुए हैं। इस प्रदर्शनी ने प्रक्षिक्षण केन्द्र की तरह काम किया ओर नए कानूनों की जानकारी हजारों लोगों तक पहुंची।

पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बताया कि कुरुक्षेत्र के केडीबी मेला ग्राउंड में चल रही तीन नए कानूनों से सम्बन्धित प्रदर्शनी 11 अक्टूबर को संपन्न हो गई। उन्होंने बताया कि पिछले 9 दिनों में आमजन के साथ साथ अधिकारियों, न्यायधीशों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, पुलिस जवानों सहित आम नागरिकों ने इस प्रदर्शनी को देखा। स्कूल/कालेज के विधार्थियों ने काफी रुची दिखाई और पुलिस कार्य प्रणाली को समझा। प्रदर्शनी के आखिरी शो को जिला फतेहाबाद के अधिवक्ताओं ने देखा और खूब सराहा। समापन पर पुलिस अधीक्षक ने प्रदर्शनी में काम करने वाले सभी कर्मचारियों को धन्यवाद किया।

## 454 करोड़ की लागत से गुरुग्राम रेलवे स्टेशन तक होगा ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो का विस्तार



**गजब हरियाणा न्यूज/गुरावा**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के निवासियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो परियोजना के तहत अब मेट्रो को गुरुग्राम रेलवे स्टेशन तक विस्तारित करने की योजना तैयार हो गई है। इस महत्वाकांक्षी विस्तार परियोजना पर लगभग 454 करोड़ रुपये का अनुमानित खर्च आएगा। राइट्स द्वारा तैयार की गई विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) को गुरुग्राम मेट्रो रेल लिमिटेड (जीएमआरएल) को सौंप दिया गया है।

जीएमआरएल अब इस महत्वपूर्ण विस्तार को अंतिम मंजूरी के लिए हरियाणा सरकार और केंद्रीय शहरी आवास मंत्रालय के समक्ष रखेगा। जीएमआरएल द्वारा ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो के तहत कुल 28.5 किलोमीटर लंबा मेट्रो रूट तैयार किया जाना है, जिसमें 27 स्टेशनों का निर्माण प्रस्तावित है। यह विस्तार यात्रियों की संख्या को अधिकतम करने और उन्हें सीधी कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए एक रणनीतिक कदम है।

यात्रियों की संख्या को बढ़ाने और उन्हें बेहतर इंटर-मॉडल कनेक्टिविटी प्रदान करने के उद्देश्य से ही ओल्ड गुरुग्राम मेट्रो का विस्तार रेलवे स्टेशन तक करने पर विचार-विमर्श किया गया था, जिसे अब मूर्त रूप दिया जा रहा है। इस रूट पर सेक्टर-पांच में भी एक स्टेशन प्रस्तावित है।

एक बार यह विस्तार मंजूर और पूरा हो जाने पर, यह गुरुग्राम के पुराने क्षेत्रों और रेलवे स्टेशन के बीच यात्रा करने वाले लाखों यात्रियों के लिए आवागमन को बेहद सरल और सुगम बना देगा, जिससे शहर की यातायात व्यवस्था में एक बड़ा सुधार देखने को मिलेगा।

## किसान के खेतों में ही होगा पराली प्रबंधन का पंजीकरण : शाश्वत सांगवान

**गजब हरियाणा न्यूज/डॉ जरनैल रंगा**

**कुरुक्षेत्र।** थानेसर एसडीएम शाश्वत सांगवान ने कहा कि जिले के ब्लॉक थानेसर में पराली प्रबंधन के लिए लगाए गए कर्मचारियों को प्रत्येक किसान के खेतों का निरीक्षण कर यह पता लगाना होगा कि किसान ने खेतों में पराली का किस प्रकार प्रबंधन किया है। किसान ने खेतों में पराली की गाठे बनाई हैं, पराली का प्रबंधन खेतों में ही किया है अथवा पराली को घास के रूप में काटा गया है, यह जानकारी ग्रामीण स्तर पर तैनात कर्मचारियों को खेतों में जाकर पोर्टल पर दर्ज करनी होगी। एसडीएम शाश्वत सांगवान ने कहा कि गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष किसान पराली का प्रबंधन पूरी लगन से कर रहे हैं। जहां आलू की खेती करने वाले किसानों ने पराली का प्रबंधन बेलरों के माध्यम से किया है,वहीं अब गेहूं की खेती के लिए किसान पराली का प्रबंधन सुपर सीडर के माध्यम से कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ब्लॉक थानेसर में धान का कुल रकबा लगभग 55 हजार एकड़ है। जिसमें से लगभग तीन हजार एकड़ में आलू व सब्जियों की काश्त की जाती है। उन्होंने कहा कि जहां इस वर्ष किसान खेतों में पराली का प्रबंधन कर रहे हैं वहीं किसानों का रूझान फसल विविधीकरण की ओर भी बढ़ा है। किसान आलू मटर व अन्य सब्जियों की काश्त की ओर अग्रसर हुए हैं।

## अंबेडकर चौक पर जातिवाद का पुतला फूंककर विरोध प्रदर्शन किया, वाई पूरन कुमार आत्महत्या मामले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

### समाज के लोगों ने हरियाणा प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की

**गजब हरियाणा न्यूज/डॉ जरनैल रंगा**

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के एडीजीपी आईपीएस अधिकारी वाई पूरन कुमार की आत्महत्या के मामले में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी न होने को लेकर अनुसूचित जाति समाज के लोगों में भारी रोष व्याप्त है। रविवार को समाज के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर शहर के अंबेडकर चौक पर पुतला फूंककर जबरदस्त विरोध प्रदर्शन किया।

प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि आत्महत्या से जुड़े सुसाइड नोट में नामजद सभी लोगों के खिलाफ तुरंत कार्रवाई की जाए और उनकी शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित हो। समाज के लोगों ने हरियाणा प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए श्री गुरु रविदास मंदिर सभा के पूर्व प्रधान सूरजभान नरवाल, बीटीएफ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सुनहेड़ी, और संरक्षक धर्म सिंह क्रांति ने आरोप लगाया कि सरकार आरोपियों को बचाने में विलंब कर रही है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस मामले में किसी भी तरह की देरी नहीं होनी चाहिए और सभी आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार किया जाना चाहिए। नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि आरोपियों की गिरफ्तारी जल्द नहीं हुई, तो समाज बड़ा आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगा। प्रदर्शन में पुरुषों के साथ-साथ बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल रहीं। इस मौके पर सरपंच दीपक मेहरा, अंबेडकर भवन के महासचिव लख्मी चंद रंगा, सह सचिव श्याम लाल, पूर्व नगर पार्षद ओमप्रकाश ओपी, ओमप्रकाश सरोहा, पवन लोहारा, जिले सिंह सभ्रवाल, दीपक कमोदा, विजय नागल, मनोज पलवल, तरसेम कुमार,राजू अमीन, जोगिंद्रो देवी, रीटा सोलखे, सरोज बाला, बाला रानी, बबली, डा रामसरण, पवन सिरसला सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे।



### एडीजीपी वाई पूरन कुमार को कुरुक्षेत्र में श्रद्धांजलि




**गजब हरियाणा न्यूज/रवींद्र**

**पिपली।** सामाजिक न्याय के लिए बलिदान देने वाले हरियाणा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी स्वर्गीय वाई. पूरन कुमार जी को रविवार को कुरुक्षेत्र में सर्किट हाउस के सामने (सिटी एसोसिएट), केडीबी रोड पर भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की गई। यह कार्यक्रम केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के पूर्व सदस्य सूरज भान कटारिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों लोगों ने सामाजिक एकता का प्रदर्शन करते हुए अधिकारी को श्रद्धांजलि दी। उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में मांग की कि स्वर्गीय श्री वाई. पूरन कुमार जी की पत्नी श्रीमती अवनीत पी. कुमार और परिवार की सभी मांगों को अतिशीघ्र माना जाए तथा इस घटना के दोषियों को सख्त से सख्त सजा दी जाए। अध्यक्षता कर रहे थे। सूरज भान कटारिया ने कहा कि यह शहादत उस सामाजिक न्याय की लंबी लड़ाई का हिस्सा है, जो बाबा साहब डॉ. आंबेडकर के समय से चली आ रही है। कार्यक्रम में केडीबी सदस्य और पार्षद के.सी रंगा, जगमाल सिंह चंदेल, रामपाल ढांडे, राम कुमार राहुल, पंजाब सिंह, महिपाल फूले, स्वामी इंदर, गुलजार सिंह, वीरेंद्र रॉय, रामपाल फौजी, रमेश कुमार, सूरज भान मेहरा, राजपाल खरकाली, जोगिंदर जे ई, तरसेम सिंह, अभिमन्यु वर्मा, राजपाल कश्यप, पी सी मदान सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### नौ साल बाद मायावती का शक्ति प्रदर्शन

# बसपा सरकार बनी तो दलित-पिछड़ा विरोधी कानून बदलेंगे, 2027 में अकेले लड़ेंगे चुनाव





**गजब हरियाणा न्यूज**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो मायावती ने नौ साल के लंबे अंतराल के बाद लखनऊ में एक विशाल जनसभा के जरिए शक्ति प्रदर्शन किया। प्रदेश भर से लाखों की संख्या में कार्यकर्ता इस रैली में शामिल हुए, जिसे मायावती ने 2027 के विधानसभा चुनावों के लिए शंखनाद बताया।

### प्रमुख घोषणा 'दलित-पिछड़ा विरोधी कानून बदले जाएंगे'

मंच से अपने संबोधन में मायावती ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि यदि प्रदेश में बसपा की सरकार बनती है, तो दलितों और पिछड़ों के हितों के खिलाफ बनाए गए सभी कानूनों को बदल दिया जाएगा। उन्होंने वादा किया कि राज्य में 'सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय' की सोच वाली सरकार बनेगी, जिससे लोगों को अपनी रोजी-रोटी के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा। मायावती ने रैली में जुटी भीड़ की तारीफ करते हुए कहा कि अन्य दलों की तरह इस रैली में पैसे देकर लोग नहीं बुलाए गए हैं, बल्कि कार्यकर्ता अपनी खून-पसीने की कमाई खर्च कर यहां पहुंचे हैं, जो पार्टी के प्रति उनकी अटूट निष्ठा को दर्शाता है।

### आकाश आनंद की तारीफ और समर्थन की अपील

बसपा सुप्रीमो ने इस दौरान पार्टी के नेता आकाश आनंद की तारीफ की। उन्होंने कहा कि आकाश आनंद उनके दिशा-निर्देशन में लगातार बसपा का जनाधार बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं और उन्हें समर्थकों का पूरा सहयोग मिल रहा है। मायावती ने समर्थकों से हर परिस्थिति में आकाश आनंद का समर्थन करने की अपील की।

### 2027 में पूर्ण बहुमत का दावा और संवैधानिक सुरक्षा

मायावती ने दावा किया कि इस रैली ने यहां हुई पहले की सभी रैलियों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। उन्होंने कहा, 'इससे लगता है कि 2027 में यूपी में एक बार फिर पूर्ण बहुमत से बसपा की सरकार बनेगी।' उन्होंने वादा किया कि वह इसके लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। उन्होंने जातिवादी दलों पर संविधान को बदलने की कोशिश करने का आरोप लगाया, लेकिन दृढ़ता से कहा कि बसपा ही एकमात्र पार्टी है जो बाबा साहेब के संविधान को सुरक्षित रख सकती है, भले ही इसके लिए कितना भी संघर्ष करना पड़े। उन्होंने समर्थकों को बूथ स्तर पर छोटी-छोटी सभाएं कर बसपा के चार बार के शासनकाल की उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाने का निर्देश दिया।

### अकेले चुनाव लड़ने का फैसला और गठबंधन की विफलता

बसपा सुप्रीमो ने एक बार फिर स्पष्ट किया कि 2027 में बसपा अकेले ही चुनावी मैदान में उतरेगी। उन्होंने गठबंधन की रणनीति को घाटे का सौदा बताया। उन्होंने कहा कि गठबंधन करने पर बसपा का वोट तो सहयोगी दलों को मिल जाता है, लेकिन बसपा को उनका वोट नहीं मिलता है। इसके अलावा, बसपा ने यूपी में जब भी गठबंधन की सरकार बनाई, वह अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाई और पहले ही गिर गई। उन्होंने कांग्रेस, भाजपा व सपा पर षडयंत्र कर बसपा को केंद्र की सत्ता तक नहीं पहुंचने देने का आरोप लगाया और ईवीएम की मदद लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि ये दल अब दलित वोटों को बांटने के लिए बिकाऊ लोगों को खरीदकर बसपा को कमजोर करने की साजिश कर रहे हैं।

### आरक्षण का विरोध करने वाले दलों पर हमला

मायावती ने धर्म पर टिप्पणी कर बवाल करने वाले लोगों की निंदा की और बाबा साहेब के संविधान के अनुसार सभी धर्मों का सम्मान करने की बात कही। उन्होंने सपा, कांग्रेस और भाजपा पर पदोन्नति में आरक्षण का विरोध करने का आरोप लगाया। उन्होंने विशेष रूप से सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा ने तो सदन में पदोन्नति में आरक्षण का बिल तक फाड़ दिया था।

### कांग्रेस, सपा और भाजपा पर तीखे प्रहार

मायावती ने कांग्रेस पर देश में इमरजेंसी लगाकर बाबासाहेब के संविधान का अपमान करने का आरोप लगाया और संविधान की कॉपी लेकर 'नाटकबाजी' करने पर तंज कसा। सपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि सपा सरकार में दलितों-पिछड़ों का उत्पीड़न हुआ, कानून व्यवस्था चरमरा गई और गुंडों व अराजकतत्वों को संरक्षण मिला। उन्होंने अखिलेश यादव पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग सत्ता में न होने पर कांशीराम स्मारक बनाने की बात करते हैं, उन्होंने सत्ता में रहते हुए ऐसा कभी नहीं किया और बसपा सरकार के स्मारकों के नाम बदल दिए थे। मायावती ने पार्टी संस्थापक कांशीराम को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद बड़ी संख्या में आए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस दौरान योगी सरकार का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि बसपा सरकार में बने कांशीराम स्मारक स्थल को देखने आने वालों के टिकट से आया पैसा भाजपा सरकार ने सपा सरकार की तरह दबाकर नहीं रखा, बल्कि स्मारक के रखरखाव पर खर्च किया, जो एक सकारात्मक कदम है।

### बसपा सरकार में आरक्षण का सही लाभ मिल सकता है : आकाश आनंद

कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर महारैली में आकाश आनंद ने कहा, कि आरक्षण अभी पूरा नहीं मिल पाया है। बसपा बाबा साहब की रास्ते पर चल रही है। मायावती कांशीराम के अधूरे काम को पूरा करने में लगीं हैं। यूपी की जनता को मायावती की जरूरत है। जातिवाद के पीड़ितों को मान-सम्मान की जिंदगी मायावती ने दी है। बसपा को मजबूत करके सत्ता में लाना है। बसपा सरकार में आरक्षण का सही लाभ मिल सकता है। यूपी में बसपा को सत्ता में जरूर लाना है।

प्रकाशक , सम्पादक एवं मुद्रक जरनैल सिंह द्वारा मेसर्स डी बी कार्प लिमिटेड प्लाट न.42-43 सेक्टर - 29, हुडा,पानीपत से छपवाकर कार्यालय 'गजब हरियाणा' कोठी नं. 890 पी, सेक्टर - 4, अर्बन एस्टेट कुरुक्षेत्र जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा से प्रकाशित व मुद्रक किया। सम्पादक जरनैल सिंह (9138203233), Registretion Namber: HAR/HIN/2018/77311